तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
जींद-कैथल भूमि

रोहतक, गुरुवार, 27 मार्च 2025

10 परिवार पहचान पत्र के नाम पर मजदूरों के लाभ न रोके जाएं

10 पीड़ितों को जल्द दी जाए आर्थिक सहायता : एडीसी

खबर संक्षेप

शामदों बिजली घर से बिजली रहेगी बंद

अलेवा। शामदों डीएस फीडर पर कार्य के चलते 27 मार्च से दो अप्रैल तक शामदों फीडर बंद रहेगा। जानकारी देते हुए नगूरां बिजली निगम के जेई अनिल कुमार ने बताया कि शामदों डीएस फीडर पर कार्य के चलते शामदों फीडर से चलने चांदपुर तथा शामदों गांव की छह दिनों के लिए सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी।

हिंदी की परीक्षा में नकल करते पांच विद्यार्थी पकड़े

जींद। बारहवीं कक्षा का बुधवार को हिंदी विषय की परीक्षा रही। परीक्षा में उझाना स्कूल में पांच बच्चों को फ्लाइंग टीम ने नकल करते काबू किया है। बोर्ड की और से नियुक्त नोडल अधिकारी रविंद्र ने बताया कि नकल रोकने को लेकर उडन दस्तों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है।

अवैध पिस्तौल के साथ व्यक्ति दबोचा

जींद। सीआईए स्टाफ ने एक व्यक्ति को अवैध पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया है। सदर थाना सफीदों पुलिस पकड़े गए व्यक्ति से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ कर्मी गांव हाट रोड पर गश्त कर रहे थे। इस दौरान गांव के जलघर के पास खड़ा लड़का पुलिसकर्मियों को देखकर भागने लगा। जिस पर पुलिसकर्मियों ने पीछा कर युवक को काबू कर लिया।

फर्जी हस्ताक्षर कर लाखों की भूमि हड़पी, केस दर्ज

कैथल। खुशहाल माजरा में गांव में एक महिला ने दो महिलाओं सहित सात आरोपियों पर उसकी जमीन हड़पने के लिए जाली हस्ताक्षर कर अधिकारियों के सामने दस्तावेज पेश करने का आरोप लगाया है। यह जमीन सांझी खेवट की है। इस मामले में गुहला थाना में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गुहला थाना में दी गई शिकायत में गांव खुशहाल माजरा निवासी सुनीता ने बताया कि वह खेती करके अपना जीवन यापन कर रही है।

तीन लाख की नकदी व जेवर लेकर युवती फरार

जींद। गांव रोहड से युवती घर से तीन लाख रुपये नगद और तीन तोले सोने के जेवर लेकर संदिग्ध हालत में गायब हो गई। सदर थाना सफीदों पुलिस ने लड़की के भाई की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मार्च रात को उसकी 27 वर्षीय बहन संदिग्ध हालत में घर से गायब हो गई।

अवैध रूप से पटाखे रखने का आरोपी काबू

कैथल। अवैध रूप से पटाखा बनाने की फैक्ट्री चलाने के मामले की जांच सीएम फ्लाइंग के एसआई सतपाल सिंह, फायर ब्रिगेड से गुरमेल सिंह और थाना पुंडरी एसएचओ रमेश कुमार की अगुवाई में एएसआई राकेश कुमार की टीम द्वारा आरोपी इंदिरा कॉलोनी पुंडरी निवासी दीपक को गिरफ्तार कर लिया गया।

ताला तोड़ता चोर पकड़ा बाद में गच्चा देकर फरार

जींद। गांव हाट में बीती रात दुकान का ताला तोड़ते एक युवक को दुकानदार ने काबू कर लिया। बाद में आरोपित दुकानदार व उसके साथियों को गच्चा देकर फरार हो गया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने दुकानदार की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हाट निवासी मनिंद्र ने पुलिस को शिकायत दी है।

दामाद तथा उसकी मां को पीटा, 3 के खिलाफ केस

जींद। सफीदों की सीता श्याम कॉलोनी में ससुरालीजनों ने घर में घुस कर दामाद तथा उसकी मां की धुनाई कर डाली। शहर थाना सफीदों पुलिस ने दामाद की शिकायत पर सास, ससुर, पत्नी के खिलाफ मारपीट करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

देख परखकर करें नौनिहालों के लिए स्कूल का चयन

कैथल के 38 गैर-मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों पर गिरेगी अधिकारियों की गाज, डीइओ कार्यालय ने जारी की सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिले में लंबे समय से बिना मान्यता के चलाए जा रहे प्राइवेट स्कूलों पर अब शिक्षा विभाग की निगाह टेडी हो गई है। विभाग इन स्कूलों पर कडी कार्रवाई करने के मूड में है। जिला शिक्षा विभाग द्वारा जिले में चलाए जा रहे ऐसे 38 स्कूलों की सूची जारी की है। डीईओ रामदिया गागट ने स्पष्ट किया कि इन गैर-मान्यता प्राप्त स्कूलों को जल्द ही बंद कराया जाएगा। इसके लिए स्कूल संचालकों को नोटिस जारी किए जाएंगे और यदि फिर भी स्कूल बंद नहीं किए गए तो संचालकों के खिलाफ कडी कार्यवाही की जाएगी।

20 से 500 तक पढ़ रहे विद्यार्थी

बताया जा रहा है कि जिले में कई ऐसे निजी स्कूल चल रहे हैं, जो बिना मान्यता के शिक्षा दे रहे हैं। इन स्कूलों में बच्चों से मनमाने तरीके से फीस वसूली जाती है। अभिभावकों को किताबें, वर्दी, स्मार्ट क्लास, आई-कार्ड और डायरी जैसी चीजों के नाम पर अतिरिक्त पैसे वसूले जाते हैं। इतना ही नहीं, ये स्कूल अक्सर किराए के भवनों में चल रहे हैं, जिनके पास फायर एनओसी जैसी आवश्यक स्वीकृति भी नहीं होती। कई गैर-मान्यता प्राप्त स्कूल हैं, जिनमें केवल 20 से 50 बच्चे पढ़ रहे हैं। वहीं, कुछ स्कूल ऐसे भी हैं, जिनमें 500 से अधिक विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। ये सभी स्कूल विभिन्न गांवों व कॉलोनियों में संचालित हो रहे हैं। विभाग को स्कूलों को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं, लेकिन अब निदेशालय से आदेश मिलने के बाद कार्रवाई तेज कर दी गई है।

ये चलाए जा रहे गैर मान्यता प्राप्त स्कूल

- सरस्वती विद्या मंदिर खेड़ी लंबा।
- शहीद भगत सिंह स्कूल खेड़ी लंबा
- गीता विद्या मंदिर कोलेखा ।
- गुरु द्रोणाचार्य स्कूल कैलरम।
- एसवीएम स्कूल खरक पांडवा।
- गीता मॉडल स्कूल वजीर नगर।
- सरस्वती स्कूल चंदाना।
- शहीद उधम सिंह स्कूल भूंसला।
- गीता निकेतन स्कूल भूना।
- स्विफ्ट स्कूल क्योड़क ।
- शिक्षा पब्लिक स्कूल ग्योंग।
- एसडी मॉडर्न स्कूल बात्ता।
- गीतांजलि स्कूल करोड़ा।
- गीता मनोहर स्कूल नंदकरण माजरा।
- टुगेदर वे स्कूल सेरदा।
- सरस्वती स्कूल थेह बुटाना।
- नवजोत पस्कूल चूहड़राजरा।
- ग्रीन वे स्कूल संगतपुरा।
- शहीद भगत सिंह स्कूल बरटा।
- आदर्श पब्लिक स्कूल बरटा।
- नव जीवन स्कूल धनौरी।
- एसडी मॉडल स्कूल बड़सीकरी।
- किड्स जोन चंदाना।
- शहीद भगत सिंह धनौरी।
- शिव पब्लिक स्कूल कुराड़।
- चौ. देवीलाल स्कूल बालू।
- एसके ग्लोबल स्कूल
- चाणक्य स्कूल, कमालपुर।
- हरियाणा स्कूल, ढुंढवा।
- आरएस् कूल कलायत।
- एसवीएन स्कूल खेड़ी लांबा।
- सरस्वती स्कूल बड़सीकरी।
- ज्ञानदीप विद्या मंदिर, खेड़ी साकरां।
- ब्राइट बिगनिंग स्कूल, धनौरी।
- हर हर महादेव स्कूल, किच्छाना।

जल्द होगी कार्रवाई : रामदिया

डीइओ रामदिया गागट ने कहा कि शिक्षा निदेशालय से आदेश मिलते ही बिना मान्यता प्राप्त स्कूलों पर शिकंजा कसने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सभी गैर-मान्यता प्राप्त स्कूलों के संचालकों को नोटिस भेजे जाएंगे और उन्हें तुरंत स्कूल बंद करने के निर्देश दिए जाएंगे। यदि इसके बावजूद स्कूलों को बंद नहीं किया गया तो संबंधित स्कूल संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस स्पा सेंटर से काबू किए युवा व युवतियों को अपने साथ लेकर जाते हुए।

कैथल पुलिस की स्पा व मसाज केंद्रों पर छापेमारी

चार लड़कियों सहित सात गिरफ्तार

- स्पा व मसाज केंद्र की आड़ में करवाए जा रहे अनैतिक कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सिविल लाइन व महिला थाना की पुलिस ने बुधवार को अंबाला रोड स्थित स्पा और मसाज सेंटरों पर छापेमारी की। इस मौके पर एक सेंटर में चार लड़कियां और तीन लड़के पाए गए, जिन्हें पकड़ कर पुलिस के कर्मचारी थाने ले गए। एक के बाद एक करके पुलिस ने तीन सेंटरों पर दबिश दी। इस दौरान ब्यूटी स्पा मसाज पार्लर, हेल्दी बॉडी स्पा सेंटर और नाइट व्यू सेंटर में जाकर पुलिस कर्मचारियों ने जांच की। शिकायत थी कि शहर में होटल व स्पा सेंटर के नाम से लोग गरीब महिलाओं और मजबूर लड़कियों को काम देने के बहाने अनैतिक कार्यों में धकेल रहे हैं।

सिविल लाइन व महिला थाना पुलिस मौके पर पहुंची। उनके साथ डीएसपी वीरभान भी सेंटरों पर पहुंचे और कार्रवाई की। थाने ले जाने के बाद लड़की और लड़कों से पूछताछ की गई और उनका नाम-पता दर्ज किया गया। बालिग होने के कारण सबको चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। हालांकि सेंटरों के मालिक मौके पर नहीं मिले, लेकिन पुलिस उनके बारे में पता लगाने का प्रयास कर रही है।

कार्रवाई होगी

डीएसपी वीरभान ने बताया कि कैथल पुलिस को शिकायत मिल रही थी कि शहर में होटल और स्पा सेंटर के नाम से लोग अनैतिक कार्य करवा रहे हैं। उसी को लेकर पूरी पुलिस टीम के साथ अंबाला रोड पर बने ब्यूटी स्पा मसाज पार्लर, हेल्दी बॉडी स्पा सेंटर और नाइट व्यू सेंटर पर रेड की गई। डीएसपी ने होटल संचालकों व स्पा सेंटर के मालिकों को चेतावनी दी कि इस प्रकार के कार्य करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

शहर की सड़कें हुई संकरी, हुआ हादसा तो कौन होगा जिम्मेदार

अतिक्रमण की जद में शहर, दुकानों के आगे दो से तीन फुट तक दुकानदारों का कब्जा

आगजनी की घटना पर नही पहुंच पाएगी फायर ब्रिगेड, अधिकारी अंजान

वाहन चालकों के साथ-साथ पैदल चलने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद। शहर में दुकानदारों द्वारा किया गया अतिक्रमण। फोटो :हरिभूमि

अतिक्रमण से शहर की सड़कें संकरी हो गई हैं लेकिन इस तरफ नगर परिषद द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। शहर के मुख्य बाजार में तो अतिक्रमण करने वालों ने हद कर रखी है। बाजार में दुकानदारों ने अपने सामान को डिस्पले करने के लिए दो से तीन फुट तक अतिक्रमण कर लिया है। शहर थाना के सामने, टाउन हाल की तरफ, तांगा चौक की तरफ व बाजार के अंदर हर जगह अतिक्रमण फैला है। जिस कारण वाहन चालकों के साथ-साथ पैदल चलने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में शहर के लोगों की मांग है कि अतिक्रमण के खिलाफ स्पेशल अभियान चला कर बाजार को खुला करवाया जाए। दुकानदारों में सड़क पर अतिक्रमण फैलाने की होड़ लगी हुई है और दुकानदार अपनी दुकानों से सामान को निकाल कर सड़क तक लगा रहे हैं। जिस कारण दिन प्रतिदिन शहर की सड़क की चौड़ाई सिकुडती जा रही है लेकिन इस तरफ नगर परिषद का कोई ध्यान नही हैं। जिसका खामियाजा सड़क से गुजरने वाले दुपहिया और चार पहिया वाहन चालक को भुगतना पड़ रहा हैं और प्रतिदिन जाम के हालात पैदा हो रहे हैं। सुबह के समय बाजार खुलने से पहले सड़क खुली-खुली दिखाई देती है लेकिन जैसे-जैसे बाजार खुलता है तो दुकानदार सड़क तक अतिक्रमण लगा देते हैं। जिस कारण खुली दिखने वाली सड़क सिकुड़ी हुई दिखाई देती हैं। इसलिए नगर परिषद को चाहिए कि वह आए दिन लगने वाले जाम से निपटने के लिए सड़क तक अतिक्रमण फैलाने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई करे ताकि सड़क से गुजरने वाले वाहन चालकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और सड़क खुली दिखाई दें। तांगा चौंक, पंजाबी बाजार, गांधी गली, मेन बाजार, पालिका बाजार, बैंक रोड, कपड़ा मार्केट में लोग सुबह होते ही खरीदारी के लिए पहुंचने शुरू हो जाते हैं। गोहाना रोड, रानी तालाब, मुख्य बाजार, सफीदों रोड, एसडी स्कूल, सफीदों गेट, पटियाला चौंक हर जगह अतिक्रमण के कारण जाम की स्थिति बन रही है। बाजार में अगर आगजनी की कोई घटना होती है तो फायर ब्रिगेड की गाड़ी किसी भी सूरत में घटनास्थल तक नहीं पहुंच पाएगी। अतिक्रमण की जद में शहर के हालात ऐसे हैं कि फायर ब्रिगेड की गाड़ी बीच में ही फंस जाएगी और भीष्ण क्षति होगी।

अतिक्रमण हटवाया जाएगा

नप के मुख्य सफाई निरीक्षक अनिल नैन ने कहा कि दुकानदारों को चेताया गया है कि अगर अतिक्रमण किया गया तो विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। टीम के साथ बाजार पहुंचे और अतिक्रमण को हटवाने का काम किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहर में अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नही किया जाएगा। दुकानों से बाहर सड़क के साथ अपना सामान दुकानदार बिल्कुल न रखें।

अतिक्रमण न करें : सुनील

टीम जींद सुधार के सुनील वशिष्ठ ने कहा कि अतिक्रमण दुकानदार ग्राहकों के साथ-साथ खुद के लिए भी परेशानी पैदा कर रहे हैं। अगर कोई आगजनी जैसी घटना हो जाती है तो काबू पाना बहुत मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने अपील की दुकानों के बाहर सामान अतिक्रमण न करें।

जुलाना नपा प्रधान ने संभाला कार्यभार

- हारे हुए प्रत्याशियों को साथ लेकर करवाएंगे विकास : डा. संजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

नपा कार्यालय में चेयरमैन का स्वागत करते पार्षद और भाजपा कार्यकर्ता।

जुलाना कस्बे के नपा कार्यालय में प्रधान संजय जांगड़ा ने बुधवार को कार्यभार संभाल लिया। इस मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष तेजेंद्र ढुल व प्रभारी मदन गोयल ने शिरकत की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कार्यालय में पहुंचने पर उनका फुल मालाओं से स्वागत किया। पार्षदों को संबोधित करते हुए डा. संजय जांगड़ा ने कहा कि सभी पार्षदों को साथ लेकर जुलाना के विकास को गति दी जाएगी। पार्षद भी अपने वार्डों में हारे हुए उम्मीदवारों को साथ लेकर काम करें ताकि किसी प्रकार की कोई समस्या ना रहे। जुलाना में सबसे बड़ी समस्या सफाई व्यवस्था की है। एक नंबर जारी किया जाएगा जिस पर कस्बे के लोग शिकायत दर्ज करवा सकेंगे। सरकार के साथ मिलकर विकास कार्यों को तेजी से करवाया जाएगा। जल्द ही समस्याओं के समाधान के लिए एक नंबर जारी किया जाएगा ताकि लोग नंबर पर कॉल कर तुरंत समाधान करवा सकें। भाजपा द्वारा नगर निकाय चुनाव में जारी किए गए संकल्प पत्र के सभी वायदे 100 दिन में पूरे किए जाएंगे। सफाई के लिए अभियान चलाया जाएगा। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान चलाया जाएगा।

हरियाणा वेयरहाउस ने खरीदी 43 क्विंटल सरसों

राजौंद। राजौंद अनाज मंडी में पहली बार सरसों की खरीद का कार्य शुरू हुआ। हरियाणा वेयरहाउस खरीद एजेंसी द्वारा पहले दिन खरीद की गई। जानकारी देते मार्केट कमेटी के सचिव ओम प्रकाश ने बताया कि खरीद की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। लेकिन राजौंद अनाज मंडी में पहली बार सरसों की फसल आई है।जो खरीद एजेंसी हरियाणा वेयरहाउस द्वारा खरीदकर ली है। बताया कि पहले दिन 43 क्विंटल सरसों की खरीद हुई है और 5950 रुपये प्रति क्विंटल सरकारी रेट पर खरीद की गई है। उन्होंने बताया कि खरीद को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं 15 मार्च से सरसों की खरीद का कार्य शुरू हो चुका है। लेकिन राजौंद अनाज मंडी बुधवार को पहली बार सरसों आईं हैं। उन्होंने बताया कि गेहूं की खरीद का कार्य एक अप्रैल से शुरू होगा।

साइबर ठग ने यू ट्यूबर के खाते से उड़ाए एक लाख नौ हजार

ना ट्रांजेक्शन, ना लिंक क्लिक, ना ओटीपी शेयर किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

साइबर ठगो ने यू ट्यूबर के खाते से 108997 रुपये को यूपीआई से निकाल लिया। जबकि यू टयूबर ने ना तो कोई ट्रांजेक्शन की और ना ही कोई लिंक शेयर किया। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने यू टयूबर की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। अर्बन एस्टेट निवासी यू टयूबर जगदीप ने साइबर पोर्टल पर दी शिकायत में बताया कि गत 23 मार्च को उसने खाते का बैलेंस चेक किया था। जिसमें उसके एक लाख नौ हजार रुपये कटे हुए थे। जब उसने बैंक में जाकर स्टेटमेंट को हासिल किया तो पता चला कि गत 16 मार्च को एक लाख तीन हजार 20 मार्च को, 5998 रुपये 21 मार्च को व 3,999 निकल गए थे। राशि यूपीआई द्वारा निकल गई थी। इस दौरान उसने कोई ट्रांजेक्शन खाते से नही की और न ही कोई लिंक शेयर किया। ना ही कोई ओटीपी शेयर किया। खास बात यह रही कि खाते से राशि गायब होने का उसके पास कोई संदेश भी नही आया। साइबर थाना पुलिस ने जगदीप की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अब तक विभाग को मिले 234 आवेदन

खेल नर्सरियों के लिए आवेदन की तिथि बढ़ी

- अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों का सत्र अप्रैल माह में प्रारंभ होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

खेल विभाग द्वारा खेल नर्सरियों की रेटिंग और खिलाड़ियों का डाटा अपडेशन कार्य किया जाता है। इसके आधार पर हर साल जिले में खेल नर्सरियां अलॉट की जाती हैं। खेल नर्सरी खोलने के इच्छुक व्यक्तियों से विभाग ने पहले 15 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन मांगे थे। जिसकी तारीख को बढ़ाकर अब 31 मार्च तक कर दिया गया है। अब तक विभाग के पास 234 आवेदन आए हैं। जिसमें से 208 निजी और 26 खेल विभाग की नर्सरियों के आवेदन शामिल हैं। साथ ही खेल नर्सरियों की जांच का कार्य चल रहा है। अब तक 150 नर्सरियों की जांच हो चुकी है। नर्सरी में अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों का सत्र अप्रैल माह में शुरू होगा। इससे पहले विभाग की ओर से खिलाड़ियों की शारीरिक जांच के लिए ट्रायल आयोजित किया जाएगा। इसमें पास होने वाले खिलाड़ियों को ही दाखिला दिया जाएगा। एक खेल नर्सरी में 25 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। पिछले साल जिले में 82 खेल नर्सरियां अलॉट हुई थी। गौरतलब है कि हर साल नर्सरी और खिलाड़ियों का डाटा अपडेट किया जाता है। अप्रैल माह से खेल सत्र शुरू होता है।

इच्छुक नर्सरी संचालक 31 मार्च तक हरियाणा खेल विभाग की साइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिला के खिलाड़ियों को उनकी खेल उपलब्धि, गतिविधि और हाजिरी आदि के अनुसार ग्रेड दिए जाएंगे। नर्सरियों में सुविधाओं और कोच की उपस्थिति के अनुसार ग्रेड दिए गए जाएंगे। फरवरी माह में हरियाणा खेल विभाग की ओर से सभी जिलों से खेल नर्सरियों का डाटा और खिलाड़ियों का डाटा मांगा गया था। इसके तहत खिलाडिय़ों और नर्सरियों को ग्रेड दिए गए जाएंगे। वहीं खिलाड़ियों का डाटा रिन्यू होगा और नर्सरियों में भी खेल सुविधाओं की जांच की जाएगी। प्रत्येक नर्सरी में 25 खिलाडिय़ों का दाखिला होगा।

अब 31 मार्च तक आवेदन

जिला खेल अधिकारी रामपाल हुड्डा ने बताया कि पहले 15 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे। जिसकी तिथि को अब बढ़ा दिया गया है। विभाग की ओर से एडवाइजरी जारी की गई है। जिसके तहत अब 31 मार्च तक नर्सरी चलाने के इच्छुक व्यक्ति ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। मार्च के अंत तक ट्रायल व अन्य प्रक्रिया पूरी की जाएगी। अप्रैल से खेल सत्र शुरू होगा।

कलायत में नेशनल हाई-वे से अनाज मंडी को जोड़ने वाले मार्ग का रिपेयर कार्य शुरू।

मार्ग पर रिपेयर कार्य शुरू

कलायत। कलायत एसडीएम अजय हुड्डा के निर्देश पर बुधवार को आखिरकार चंडीगढ़-हिसार राष्ट्रीय मार्ग से अनाज मंडी को जाने वाले शार्टकट रास्ते की रिपेयर का कार्य शुरू हो गया। नगर पालिका सचिव पवन शर्मा और कनिष्ठ अभियंता संजीव धीमान की देखरेख में जेसीबी की सहायता से पहले गढ्ढों को भरा जा रहा है। मार्ग के कायाकल्प से किसानों को परेशानी नहीं रहेगी। गेहूं की खरीद को लेकर व्यापक प्रबंध किए गए हैं। आवाजाही में किसी प्रकार की समस्या न रहे इसलिए नेशनल हाईवे वाया डंपिंग यार्ड से अनाज मंडी को जोड़ने वाले मार्ग की रिपेयर का कार्य शुरू किया गया है। दीगर है कि पिछले काफी समय से सडक की बदहाल स्थिति को लेकर लोगों का परेशानियों से सामना हो रहा है। मार्ग के हालात खेतों के कच्चे रास्ते से भी बदतर हैं।

खबर संक्षेप

बुखार आने पर तुरन्त करवाएं रक्त की जांच

जींद। उपस्वास्थ्य केंद्र रूपगढ़ में स्वास्थ्य कार्यकर्ता देवीराम कौशिक द्वारा गांव रूपगढ़ की सामान्य चौपाल में मलेरिया, डेंगू बुखार से बचाव बारे नुक्कड़ सभा की। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मी द्वारा ग्रामवासियों को मच्छर जनित बीमारियों से बचाव बारे जागरूक किया और स्वास्थ्य विभाग द्वारा आम जनता को दी जा रही सुविधाओं बारे विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके साथ साथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर जागरूक किया गया। देवीराम कौशिक ने आमजन को मलेरिया बुखार के लक्षण की जानकारी दी।

स्वयंसेवकों ने शिविर में सीखे योग के गुर

जींद। छोटूराम किसान कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत चल रहे सात दिवसीय कैंप के तीसरे दिन योग आचार्य सूर्यदेव आर्य द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का महत्व व शिक्षा पर प्रकाश डाला गया। सूर्य देव द्वारा योग व योग के माध्यम से लाइलाज बीमारियों को दूर करने के लिए योगासन सिखाया गया। इस अवसर पर महावीर पिलानीया द्वारा सभी राष्ट्रीय सेवा योजना के विधार्थियों को हंसी, मजाक व मानसिक परेशानियों को दूर करने के साधन बतलाए। सज्जन कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार की शिक्षा सिखाई गई।

बस में सवार युवती के बैग से 15 हजार चोरी

जींद। सफीदों से भंभेवा जाने वाली बस में अज्ञात युवकों ने एक लड़की का पर्स चुरा लिया। पर्स में 15 हजार रुपये नगद और एक सोने की चैन थी। सफीदों शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चार युवकों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है।

भागखेड़ा गांव की नीटी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सफीदों बस अड्डा से भंभेवा जाने वाली बस में बैठी थी। बस अड्डा सफीदों से तीन-चार लड़के भी बस में चढ़े थे। यह लड़के लाभ सिंह होटल के पास बस से उतर गए। उसने जैसे ही टिकट के लिए अपने बैग में से पर्स निकालना चाहा तो बैग में पर्स नहीं था।

शक्ति महायज्ञ में आज डाली जाएगी पूर्णाहुति

जींद। कुरूक्षेत्र में चल रहा 102वां जनकल्याण 1008 कुंडीय शिव शक्ति महायज्ञ में आहुति डालने के लिए बुधवार को जींद से श्रद्धालुओं की दो बस रवाना हुई। इन बसों को हरी झंडी दिखाते हुए समाजसेवी भीम सैनी नंबरदार ने कहा कि 18 मार्च से कुरूक्षेत्र में चल रहे महायज्ञ में ना केवल जींद अपितु प्रदेश के तमाम जिलों से भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इस दौरान रामप्रकाश काहोनोरिया, महेश सिंगला, राकेश सिंगला, जसवंत सैनी, मदन लाल सैनी, भवानी शंकर सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

हर समस्या के हल तक पहुंच बना रहा प्रशासन

जींद। सरकार के निर्देशानुसार समाधान शिविर जिला स्तर पर सुचारू रूप सा चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को लघु सचिवालय के कान्फ्रेंस रूम मे आयोजित समाधान शिविर में एडीसी विवेक आर्य नागरिकों की शिकायतें गंभीरता से सुन रहे थे। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने पीपीपी, पेंशन, कन्यादान राशिए पानी निकासी जैसे अहम मुद्दों पर समस्याएं रखीं। एडीसी ने कहा प्रशासन का काम केवल सुनना नहीं बल्कि समयबद्ध और प्रभावी तरीके से समाधान देना है।

दो युवकों को घायल करने पर मामला दर्ज

जींद। शादी में खाना खाने जा रहे दो युवकों पर हमला कर घायल करने पर शहर थाना सफीदों पुलिस ने दर्जनभर युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सफीदों के वार्ड नंबर दो निवासी राहुल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने दोस्त रोहित के साथ जानकारी की शादी में खाना खाने जा रहे थे। हाजियों वाला कुआं के निकट वार्ड सात निवासी हर्ष, हरमन, प्रिंस, मलकियत सिंह समेत अन्य युवकों ने उनका रास्ता रोक लिया और हमला कर दिया। जिसमें दोनों को काफी चोट लगी। आरोपितों ने उसके गले से चांदी की चैन भी तोड़ ली।

भवन निर्माण कामगार यूनियन ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

परिवार पहचान पत्र के नाम पर मजदूरों के लाभ न रोके जाएं

सचिवालय पर खोली कैंटीन का स्थान बदलकर लेबर चौक पर किया जाए

वेरिफिकेशन का अधिकार यूनियनों को दिया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

भवन निर्माण कामगार यूनियन ने बुधवार को श्रम विभाग के असिस्टेंट वेलफेयर ऑफिसर (एडब्ल्यूओ) दीपक वर्मा के माध्यम से श्रम आयुक्त और बोर्ड सचिव को ज्ञापन सौंपा। यूनियन के जिला सचिव संदीप जाजवान, राज्य सचिव कपूर सिंह ने कहा कि 22 जनवरी को हरियाणा की सरकार व कल्याण बोर्ड द्वारा 50 हजार मजदूरों का पंजीकरण रद कर दिया गया था। जिसके खिलाफ भवन निर्माण कामगार यूनियन ने प्रदेश में आंदोलन करते हुए, राज्य के श्रम मंत्री आवास पर भी प्रदर्शन किया था व पंजीकरण बहाल करने की मांग की थी। लेकिन बोर्ड में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा। पंजीकरण में ही बुधवार को श्रम कल्याण बोर्ड द्वारा अनेकों प्रकार की आपत्तिया लगा दी गई हैं। जिसमें छात्रवृति के आवेदनों पर आपत्ति लगा रहे हैं। इसलिए अनाप शनाप शर्त व आपत्ति न लगाई जाए। उन्होंने कहा कि जींद में निर्माण मजदूरों के लिए सचिवालय पर खोली गई कैंटीन का स्थान बदलकर लेबर चौक पर किया जाए। हिसार उपनिदेशक ने आश्वासन दिया था कि कैंटीन की जगह बदल दी जाएगी लेकिन हालत अब भी वैसी ही है। इसलिए जल्द फैसला लेकर यूनियन आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में 20 लाख के करीब निर्माण के मजदूर हैं, जिनमें से अभी तक 10 लाख मजदूर ही पंजीकृत हुए हैं। पंजीकरण करवाने के लिए मजदूरों को सीएचसी केंद्रों के धक्के खाने पड़ते हैं। हजारों रुपये खर्च करने पड़ते हैं। इसी प्रकार पंजीकृत मजदूरों को भी लाभ लेने के लिए प्रदेश की सरकार ने सीएचसी केंद्रों के हवाले किया हुआ है। जिससे उनकी लूट हो रही है। पंजीकृत निर्माण मजदूरों के 90 दिन की वेरिफिकेशन का अधिकार यूनियनों को दिया जाए ताकि मजदूर की लूट बंद हो। ऑनलाइन के नाम पर मजदूरों की लूट बंद हो, परिवार पहचान पत्र के नाम पर मजदूरों के लाभ ना रोके जाएं। इसकी अनिवार्यता खत्म हो। क्योंकि ये लागू करना कानून के खिलाफ हैं।

पंजीकरण बिना शर्त किया जाए

प्रवासी मजदूरों का पंजीकरण बिना किसी शर्त किया जाए, उसके लिए कैंप लगाए जाए। भ्रष्टाचार के खिलाफ व चार लेबर कोड रद करवाने को लेकर प्रदेशभर में अभियान चलाते हुए 20 में को देशव्यापी हड़ताल में बढ़ चढ़कर भाग लेगी।

विहिप ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

- नवरात्रों में मांसाहार की बिक्री पर रोक लगवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद। मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपते कार्यकर्ता। *फोटो :हरिभूमि*

नवरात्रों के दौरान मांसाहार की बिक्री पर रोक लगवाने व दुकानों को बंद करवाने की मांग को लेकर विहिप कार्यकर्ताओं ने बुधवार को प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि हिंदू नववर्ष व मां दुर्गा नवरात्रों के समय प्रशासन को मांसाहार की बिक्री पर रोक लगानी चाहिए। इन नौ दिनों में श्रद्धालु पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ मां दुर्गा की आराधना करते हैं। ऐसे में खुलेआम मांसाहार की बिक्री धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचा सकती है। विहिप जिला प्रधान सुशील सिंगला सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने आग्रह किया कि नवरात्रों के दौरान मांस की दुकानों को बंद करने का सख्त निर्देश जारी किया जाए। जिससे श्रद्धालुओं की भावनाओं का सम्मान हो सके। उन्होंने आम जनता से भी अपील की कि वह इन नौ दिनों में शाकाहार अपनाएं और समाज में सद्भाव बनाए रखें। अगर मांसाहार का काम करने वाले भी इस मुहिम में जुड़े तो यह धार्मिक सहिष्णुता और आपसी सौहाद्र बनाए रखने की दिशा में एक सकारात्मक कदम होगा।

रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित करते नवीन सांगवान।

152 युवाओं ने किया रक्तदान

जुलाना। क्षेत्र के अकालगढ़ गांव में स्व अशोक ठेकेदार की याद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया । शिविर में 152 युवाओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में समाजसेवी नवीन सांगवान, इंस्पेक्टर रिषीपाल, डीईटीसी विजय कौशिक, थाना प्रभारी जगदीश राम ने शिरकत कर युवाओं का हौंसला बढ़ाया। रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया गया। नवीन सांगवान ने कहा कि रक्तदान एक पुण्य का काम है। रक्त का कोई अन्य विकल्प नही है। रक्तदान करने से शरीर में किसी प्रकार की कोई समस्या नही आती बल्कि शरीर पहले के मुकाबले ओर अधिक स्वस्थ बनता है। युवाओं को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। हमारे द्वारा दिया रक्त किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता है। अजय पूनिया, दीपक लाठर, नरेंद्र सांगवान, विनय मौजूद रहे।

अश्लील व गन कल्चर गानों पर रोक लगाएं

जींद। गन कल्चर व अश्लील गानों को लेकर बुधवार को कंडेला खाप पंचायत, माजरा खाप पंचायत, पूनिया खाप पंचायत, जुलाना बाराह खाप पंचायत के पदाधिकारी पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार से मिले। खाप पंचायत प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस अधीक्षक से कहा कि अश्लील गानों व गन कल्चर गानों पर जो गांव, देहात में ऊंची आवाज से, डीजे बजाए जाते हैं, उन पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। कंडेला खाप के प्रधान ओमप्रकाश कंडेला, माजरा खाप पंचायत प्रधान गुरविंदर सिंह संधू, जुलाना बाराह खाप पंचायत प्रधान बसाऊ लाठर ने कहा कि खाप पंचायतों ने सुझाव दिया है कि ऊंची आवाज में डीजे बजाने के लिए मालिक को जिम्मेदार ठहराया जाए। यदि ऊंची आवाज या अश्लील गाना गन कल्चर गानों को बजाते हैं तो डीजे मालिक से एक शपथ पत्र दाखिल करवाया जाए, जो इन शर्तों का उलंघन करते हैं तो उनके खिलाफ ठोस कार्रवाई की जाए।

विकसित भारत विषय पर व्याख्यान

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विवि के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा विकसित भारत प्रौद्योगिकी और नवाचार के माध्यम से सशक्तिकरण विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में केंद्रीय विवि हरियाणा के प्रो. डा. रंजन अनेजा मुख्य वक्ता रहे। डा. अनेजा ने डिजिटल क्रांति, सूचना प्रौद्योगिकी, स्टार्टअप संस्कृति और नवाचार की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत वैश्विक नवाचार सूचकांक में 40वें स्थान पर है और आईटी सेवाओं के निर्यात में अग्रणी है। हालांकि अनुसंधान और विकास तथा औद्योगिक सहयोग के क्षेत्र में अभी सुधार की आवश्यकता है। व्याख्यान के दौरान भारत के अंतरिक्ष अनुसंधान, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, वित्तीय समावेशन और डिजिटल भुगतान प्रणाली की प्रगति का उल्लेख किया। साथ ही साइबर सुरक्षा और डिजिटल असमानता जैसी चुनौतियों पर भी चर्चा की।

सफीदों। नाटक प्रस्तुत करते कलाकार। *फोटो :हरिभूमि*

आधुनिक तकनीकों से करवाया अवगत

अलेवा। राजकीय महाविद्यालय अलेवा के रसायन विभाग तथा प्लेसमेंट सेल के तत्वाधान में आरगस लैब साफटवेयर पर एक विशेष व्याख्यान सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्या वीना कुमारी ने की। मुख्य वक्ता के रूप में रसायन विभाग से सहायक प्रोफेसर सीमा कश्यप ने भाग लिया। इस दौरान सीमा कश्यप ने विद्यार्थियों को आरगस लैब साफटवेयर के बारे में विस्तार से बताया। इस कार्यशाला में छात्रों को आणविक माडलिंग और रसायनिक सिमुलेशन की आधुनिक तकनीकों से अवगत करवाया गया। प्राचार्या वीना कुमारी ने कहा कि बच्चों को चाहिए कि समय-समय पर महाविद्यालय में आयोजित इस प्रकार की कार्यशाला में बढ-चढकर भाग लें ताकि उनका भविष्य उज्जवल बन सके।

नरवाना। छात्रा को सम्मानित करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

मारिया फरार नाटक का प्रभावी मंचन

सफीदों। रास कला मंच द्वारा हैलो स्कूल में आयोजित छठे तीन दिवसीय सर्पदमन नाट्य उत्सव एवं सम्मान समारोह के दूसरे दिन सुप्रसिद्ध नाटककार बर्टोल्ट ब्रेख्त की रचना श्मारिया फर्रार्य पर आधारित नाटक का प्रभावशाली मंचन किया गया। इस नाटक में दिखाया गया कि कैसे एक प्रथम विश्व युद्ध के बाद गरीब मासूम लड़कीए जो एक शराब बार में काम करती हैए समाज के कुछ सैनिक और अमीर लोग द्वारा गैंग रेप का शिकार होती हैए जिससे वह गर्भवती हो जाती है। बाद मेंए जब वो खुद मासूमियत से अपने ही बच्चे को मार देती हैए तो उसी नाबालिग लड़की पर उस बच्चे की हत्या का आरोप लगा दिया जाता है। कलाकारों की मार्मिक प्रस्तुति ने दर्शकों को झकझोर कर रख दिया और समाज में व्याप्त इस कड़वी सच्चाई पर गहन चिंतन करने को मजबूर किया।

जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

राजकीय महाविद्यालय अलेवा में कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी।

प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

नरवाना। आर्य कन्या महाविद्यालय सम्बद्ध आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा रोहतक का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ ईश्वर स्तुति से किया गया। तत्पश्चात प्राचार्या मीना गर्ग ने प्रबंधक समिति व अभिभावकों का स्वागत किया गया। परीक्षा प्रभारी अंजना मेहता व सुनीता श्योकंद ने गृह कक्षाओं का परिणाम घोषित किया गया। प्रबंधक समिति ने कक्षा में प्रथमए द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया। आर्य समाज प्रधान चंद्रकांत शर्मा ने में कहा कि विद्यालय में और अधिक सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा तथा क्षेत्र में महिला शिक्षा के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास किया जायेगा। शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम के लिए प्राचार्या शिक्षकगण बच्चों एवं अभिभावकों को बधाई दी।

कार्यक्रम में मौजूद ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट डायरेक्टर डा. अनुपम भाटिया जानकारी देते हुए।

छात्रों को दी इंटर्नशिप की जानकारी

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विवि जींद के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा विद्यार्थियों की इंटर्नशिप के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय कौशल विकास कारपोरेशन से मृगयांक मोंडल, ईवय कंपनी से तरुण शर्मा एवं एचसीएल टैक से कुमारी मिशिका नरूला तथा अग्निमित्र रे ने विद्यार्थियों को इंटर्नशिप कार्यक्रम की जानकारी दी। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि यह भारत सरकार के राष्ट्रीय कौशल विकास कार्यक्रम के तहत एनईडीसी एवं एचसीएल टेक का एक सांझा कार्यक्रम है। इसमें छह विभिन्न कार्यक्रमों में इंटर्नशिप देने का वर्णन किया गया। इन छह कार्यक्रमों में एआई व एनालिटिक्स के कार्यक्रमों पर ज्यादा जोर दिया गया है। इस इंटर्नशिप के द्वारा विद्यार्थियों को लाइव प्रोजेक्ट में काम करने का मौका मिलेगा।

किरण, प्रतिज्ञा व प्रिया की टीम अव्वल

- केएम राजकीय महाविद्यालय में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

हभिूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

नरवाना। विजेताओं का सम्मानित करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

केएम राजकीय महाविद्यालय में गतिविधि सप्ताह के अंतर्गत शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पांच टीमों ने भाग लिया। शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रोफेसर मेजर सुरेंद्र कुमार ने सर्वप्रथम टीमों को क्विज के नियमों से अवगत कराया तथा प्रश्न पूछने की भूमिका निभाई। निर्णायक मंडल की भूमिका में प्रोफेसर मोहितए प्रोफेसर सुल्तान सिंह व प्रोफेसर रोहतास रहे। प्रतियोगिता में किरण प्रतिज्ञा व प्रिया की टीम ने प्रथम स्थान, परमजीत, राखी व प्रदीप की टीम ने दूसरा तथा बुलबुल, अंशु व चिराग की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। आंचल खुशी मोहित की टीम को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यवाहक प्राचार्य प्रोफेसर लाल सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि यह प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता केवल ज्ञानवर्धक का साधन ही नहीं बल्कि छात्रों में तार्किक सोच तुरंत निर्णय लेने की क्षमता और टीम भावना को प्रोत्साहित करती है। आज के प्रतिस्पर्धी युग में ऐसे कार्यक्रमों का होना बहुत जरूरी है। सभी विजेता विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. जगबीर दूहन,राजेश श्योकंद, रविंद्र राही का अहम योगदान रहा।

जींद। जागरूकता रैली निकालते छात्राएं। *फोटो :हरिभूमि*

नशा मुक्ति पर निकाली रैली

जींद। हिंदू कन्या महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट के सात दिवसीय विशेष शिविर का छठा दिन कॉलेज प्राचार्या डा. पूनम मोर के अध्यक्षता में एनएसएस प्रभारी डा. अंशु द्वारा संचालन किया। योगाभ्यास सत्र के पश्चात राष्ट्रीय स्वयंसेवकों ने गोद लिए हैबतपुर का दौरा किया और श्रमदान दिया। हैबतपुर ग्राम सचिवालय में छात्राओं ने श्रमदान के पश्चात नशा मुक्ति पर एक रैली निकाली। राष्ट्रीय स्वयंसेवकों ने हैबतपुर के लोगों को रैली से जागरूक करते हुए बताया कि बीड़ी, तंबाकू, सिगरेट हमारी सेहत को गंभीर खतरा पहुंचते हैं। यह सभी नशीले पदार्थ हमारे फेफड़ों के लिए नुकसानदायक हैं। छात्राओं ने गांव में घर-घर जा कर लोगों से मिलकर बताया कि बीड़ी, सिगरेट, हुक्के से फेफड़ों का कैंसर, मुंह का कैंसर और गले का कैंसर होता है।

जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक

पीड़ितों को जल्द दी जाए आर्थिक सहायता : एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद। बैठक की अध्यक्षता करते एडीसी विवेक आर्य। *फोटो :हरिभूमि*

अनुसूचित जाति, जनजाति के व्यक्तियों के साथ किसी भी प्रकार के अत्याचार या दुव्र्यवहार की स्थिति में पीड़ित परिवारों को उचित कार्यवाही कर जल्द आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। यह निर्देश अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। बैठक के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि अनुसूचित जाति व जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज मामलों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित किया जाए ताकि पीड़ित परिवारों को न्याय और आर्थिक सहायता समय पर मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामला संवेदनशीलता से लिया जाए और जरूरतमंद परिवारों को सहायता राशि त्वरित रूप से प्रदान की जाए। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि ऐसे संवेदनशील मामलों में लापरवाही को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन का दायित्व है कि वह पीड़ितों के दर्द को समझे और उन्हें हरसंभव राहत प्रदान करे। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे पूरी निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ अपना दायित्व निभाएंए ताकि पीड़ित परिवारों को न्याय और सहायता समय पर मिल सके।

ये रहे मौजूद

अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 और इसके तहत बने नियम 1995 एवं संशोधित नियम, 2016 के अनुसार यदि अनुसूचित जाति, जनजाति के किसी व्यक्ति पर अत्याचार होता है तो पीड़ित को अधिनियम के नियमों के अनुसार 85 हजार रुपये से लेकर 8 लाख 25 हजार रुपये तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। अतिरिक्त उपायुक्त ने निर्देश दिए कि जिन मामलों पर पहले हुई बैठकों में चर्चा हो चुकी है, उन मामलों की प्रगति रिपोर्ट भी अगली बैठक में प्रस्तुत की जाए। दौरान बैठक में उप पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी, जिला कल्याण अधिकारी नरेंद्र, पीआईजी कॉलेज के प्रधानाचार्य जयनारायण गहलावत, सतीश कुमार और अन्य सम्मानित समिति सदस्य उपस्थित रहे।

नरवाना। छात्राओं को संबोधित करते वक्ता। *फोटो :हरिभूमि*

गायत्री मंत्र का किया उच्चारण

नरवाना। सनातन धर्म महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन की शुरुआत में ओम ध्वनि के साथ.साथ गायत्री मंत्र का उच्चारण किया गया। आज के कार्यक्रम के प्रथम सत्र की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ अंजना लोहान ने की जिसमें मुख्य वक्ता डॉ कपेन्द्र कुमार प्राचार्य छज्जू राम मेमोरियल जाट कॉलेज हिसार के साथ पूर्व स्टेट एन एस एस ऑफिसर रहे। इन्हीं के साथ आज विशिष्ट वक्ता डॉ महेश कुमार एसोसिएट प्रोफेसर फिजिकल एजुकेशन जाट कॉलेज हिसार रहे। डॉ कपेन्द्र ने स्वयंसेविकाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना आप स्वयं सेविकाओं के लिए बनाया है जिससे आप निस्वार्थ लोगों की मदद कर सको। राष्ट्रीय सेवा योजना के निशान के बारे में बताया कि यह निशान कोणार्क के सूर्य मंदिर में जो रथ है उस पहिए से यह निशान लिया गया हैए जिसका मतलब है सारे समाज को एक साथ लेकर चलना है।

खबर संक्षेप

मेहनत से ही मंजिल हासिल होगी : वनिता

कैथल । माता गेट स्थित गायत्री पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इसमें टॉप थ्री स्थान हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार स्वरूप लेखन व पठनीय सामग्री के साथ ही प्रशस्तिपत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में स्कूल में सभी बच्चों के अभिभावक भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम की शुरूआत में विद्यालय की प्रधानाचार्या वनिता गुप्ता ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर दीप प्रज्वलित किया। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर आयुष गर्ग ने बताया कि विद्यालय लगातार उत्तरोत्तर विकास की ओर अग्रसर हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा परिणाम सुखद व उत्साहजनक है।

यात्रा में भाग लेने के लिए करें पंजीकरण

कैथल। डीसी प्रीति ने कहा कि हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत 5 अप्रैल से साइक्लोथॉन एडिशन-2 का आयोजन किया जा रहा है। इस यात्रा का उद्देश्य लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करना है। इसकी शुरूआत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पांच अप्रैल को हिसार से हरी झंडी दिखाकर करेंगे। यह यात्रा प्रदेश के सभी 22 जिलों में जाएगी। मुख्य रूप से उन गांव व कस्बों को कवर करेगी, जहां नशे का ज्यादा प्रभाव है। यात्रा का समापन सिरसा जिले में 27 अप्रैल को होगा।

गेहूं की फसल पर बोनस की मांग उठाई

पाई। भाकियू व किसानों ने प्रदेश सरकार से गेहूं की फसल पर बोनस देने की मांग की है। भाकियू के राष्ट्रीय सलाहाकार अजीत सिंह हाबडी, प्रदेश कार्यकारी प्रधान बलवान, किसास रणधीर सिंह आदि ने बताया कि अब की बार बेमौशमी बरसात से किसानों की गेहूं की फसल में बहुत नुकसान हुआ है। जिस कारण से उत्पादन कम होगा। उत्पादन कम होने से किसान और अधिक कर्जबंध हो जायेगा, क्योंकि किसान पहले ही बहुत अधिक कर्जबंद है। सरकार को किसानों को राहत देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसी हालत में सरकार को किसानों की गेहूं पर लगभग 500 रुपये प्रति क्विंटल बोनस देना चाहिए।

हाबड़ी में खरीद केंद्र पर प्लेट फार्म बनाया जाएगा

पाई। नजदीकी गांव हाबड़ी में खरीद केंद्र पर जल्द ही पक्की फिड यानी प्लेट फार्म बनाया जाएगा। इसकी घोषणा कृषि एवं कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने की। उन्होंने बताया कि गांव हाबड़ी की ग्राम पंचायत द्वारा फसलों की खरीद के लिए पक्की फड़ बनाने के लिए 18 एकड़ भूमि का प्रस्ताव दिया गया है। यह भूमि हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के नाम स्थानांतरित होने के बाद पक्की फड़ बनाने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

कुआं पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया

गुहला-चीका। बुधवार को महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग ने गुहला ब्लॉक के गांव हंसू माजरा व सुल्तानिया में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में बेटियों वाली महिलाओं के सहयोग से कुआं पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सुपरवाइजर कविता ने महिलाओं को बताया गया कि लिंग आधारित भेदभाव गलत है, कन्या भ्रूण हत्या न करें, ना ही ऐसे अपराध में किसी का साथ दें । सुपरवाईजर कविता ने महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि भ्रूण हत्या, लिंग भेदभाव समाज में फैली एक भंयकर बीमारी के साथ-साथ यह एक पाप भी है। समाज में बेटा बेटी आधारित भेदभाव शोभा नहीं देता बेटियों को खूब पढ़ाया जाना चाहिए व उनकी शादी 18 वर्ष से पहले नहीं करनी चाहिए। आंगनवाड़ी वर्कर सुमन, आशा वर्कर मीनू शर्मा, महिला एवं महिला पंच अमनदीप मौजूद रही।

उपायुक्त की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के सभागार में बैठक हुई

सीएम विंडो पर आई शिकायतों को प्राथमिकता के साथ निपटाए : प्रीति

हर रोज अपना पोर्टल चैक करें और समय पर एक्शन टेकन रिपोर्ट अपलोड करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल। डीसी प्रीति अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

सीएम विंडो तथा जन संवाद पोर्टल को लेकर बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी प्रीति ने अधिकारियों को लंबित शिकायतों के जल्द समाधान के निर्देश देने के साथ-साथ मूल मंत्र भी दिया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सीएम विंडो शिकायतों को गंभीरता से लें और उनका प्राथमिकता के साथ निपटाएं। शिकायतकर्ता को बुलाकर उसकी शिकायत को ध्यान से सुनें और उस पर नियमानुसार कार्रवाई कर उसे संतुष्ट किया जाए। डीसी प्रीति ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम विंडो पोर्टल तथा जन संवाद पोर्टल को स्वयं हैंडल करें। हर रोज अपना पोर्टल चैक करें और समय पर एक्शन टेकन रिपोर्ट अपलोड करें। एक्शन टेकन रिपोर्ट तथ्यों पर आधारित एवं गुणवतापूर्ण होनी चाहिए। कई शिकायतें ऐसी होती हैं, जिसमें एक से ज्यादा विभागों शामिल होते हैं। ऐसे मामलों में अधिकारी शिकायत को एक दूसरे के पास न भेज कर आपसी तालमेल के साथ ऐसी समस्याओं का समाधान करें। यदि कोई दिक्कत आती है तो उनसे आकर मिलें। डीसी प्रीति ने कहा कि अधिकतर शिकायतें गांव में निशानदेही से संबंधित आती हैं। सभी बीडीपीओ तहसीलदार कार्यालयों के साथ तालमेल बनाकर ऐसी शिकायतों जल्द से जल्द समाधान करें। निशानदेही के लिए संबंधित शिकायतकर्ता को पत्र जारी करके निर्धारित फीस भरवाएं। निशानदेही के लिए शेड्यूल तैयार करें और उसकी रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें। अगर गांव में सरकारी भूमि पर कब्जा से संबंधित शिकायत है तो संबंधित गांव के सरपंच को नोटिस जारी करें और कब्जे का कारण जानकर उसे हटवाया जाए। इसके अलावा डीसी ने एक-एक करके सभी विभागों से सीएम विंडो पर लंबित शिकायतों के बारे में अपडेट लिया और समस्या समाधान में सुधार लाने के निर्देश दिए। कैथल एसडीएम अजय सिंह, कलायत एसडीएम अजय हुड्डा, गुहला एसडीएम कैप्टन प्रमेश , सीटीएम गुरविंद्र सिंह मौजूद रहे।

कैथल। दीक्षांत समारोह में अधिकाररयों के साथ विद्यार्थी

नन्हें मुन्ने बच्चों ने नृत्य से सबको मंत्रमुग्ध किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

दर्शन अकादमी प्रताप कैथल में के जी और आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह का आयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मनोज कुमार पांडे की देखरेख में किया गया। समारोह का मुख्य उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास को बढ़ाना,उनमें अगले स्तर में प्रवेश करने की भावना पैदा करना और उन्हें प्रेरणा देना था। समारोह की शुरूआत मुख्य अतिथि साहित्य जगत की जानी मानी हस्ती श्री अमृत लाल मदान व डॉक्टर हरीश ,एल एम सी के गणमान्य सदस्यों , प्रधानाचार्य व अभिभावकों द्वारा दीप प्रज्वलित करके कीगई। नन्हें मुन्ने बच्चों ने नृत्य द्वारा सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथियो व एल एम सी सदस्यों ने दीक्षांत समारोह की पोशाक में विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने बच्चों व अभिभावकों को संबोधित किया और बच्चों के अगले स्तर में प्रवेश पर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते बहुत बहुत बधाई दी।

विद्यार्थियों को भविष्य में और भी कड़ी मेहनत के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

गांव किठाना के किठाना पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। वार्षिक परीक्षा परिणाम को दीक्षांत समारोह के रूप में मनाया गया। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं के प्रयासों के लिए विभिन्न श्रेणियों में पदक प्रदान किए गए। इस दौरान प्राचार्या डॉ सुमन ढांडा ने मेहनत के महत्व पर जोर देते हुए कहा की यह सिर्फ परिणामों का दिन नहीं, बल्कि परिश्रम और उत्कृष्टता का उत्सव है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को भविष्य में और भी कड़ी मेहनत के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक विकास ढांडा ने शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों के सामूहिक प्रयासों की सराहना की और सभी को इसी उत्साह के साथ सीखने की प्रक्रिया जारी रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में चैयरमेन रामफल ढांडा भी शामिल रहे। उन्होंने बच्चों को उनके परिणाम के लिए बधाई दी।इस खास बनाने के लिए स्कूल ने अभिभावकों के ,लिए कई रोमांचक गतिविधियों का आयोजन किया। जिसमें नींबू दौड़, म्यूजिकल चेयर और अन्य कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इन खेलों के विजेताओं को उनकी भागीदारी के लिए छोटे उपहार दिए गए।

अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड पर सख्त कानून जरूरी

कैथल। सांसद नवीन जिन्दल ने संसद में रिफाइंड सीड्स तेलों और अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड से जुड़े गंभीर स्वास्थ्य खतरों का मुद्दा उठाया। नियमों, पारदर्शिता, व उपभोक्ता जागरूकता की आवश्यकता पर भी जोर दिया ताकि जनता को स्वस्थ जीवन जीने का अधिकार मिले। सांसद नवीन जिन्दल ने इकोनोमिक सर्वे 2024-25 का हवाला देते कहा कि अध्ययनों से पता चला है कि अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड और चीनी की बढ़ती खपत भारत के नागरिकों के लिए गंभीर खतरा है। खाद्य पदार्थों में से, बार-बार किए गए रिफाइनिंग प्रोसेस से पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं और हानिकारक ट्रांस फैट उत्पन्न होते हैं, जिससे हृदय रोग, डायबिटीज व मोटापा जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

ओएसडीएवी स्कूल की छात्राओं ने नेटबाल में कांस्य पदक जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल। प्रधानाचार्या अंजु तलवाड़ के साथ अव्वल रही छात्राएं।

हरियाणा नेटबॉल संघ द्वारा 21 मार्च से 23 मार्च तक तीसरी राज्य स्तरीय सब जुनियर व सीनियर फास्ट फाइव नेटबॉल प्रतियोगिता श्री बालाजी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कलिंगा भिवानी में आयोजित की गई। इसमें हरियाणा राज्य के विभिन्न जिलों के अनेक विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें ओ. एस. डी .ए .वी. पब्लिक स्कूल के मुस्कान, गुरप्रीत, तनिष्का, सीया, दीक्षा, नव्या, भौमिक ,वंश, आदित्य और अभिषेक ने अपना दमखम दिखाते उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसमें लड़कियों की टीम ने सब जूनियर तथा सीनियर फास्ट फाइव प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय व जिले का नाम रोशन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजु तलवाड़ ने बच्चों को शाबाशी दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे इसी प्रकार की उपलब्धियां हासिल करने की शुभकामना दी।

कैथल। सुशील कुमार को सम्मानित करते पदाधिकारी।

गणित और विज्ञान विषय के लिए नीव कार्यक्रम चलाया

कैथल। हरियाणा सरकार द्वारा राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद गुरुग्राम के निर्देशन में गणित और विज्ञान विषय के लिए विशेष रूप से नीव कार्यक्रम चलाया गया । इस कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों के लिए इंटरएक्टिव वीडियो, प्लायो एवं यू- ट्यूब पर शंका समाधान के लिए लाइव कक्षा ली जाती है। जो ऑनलाइन शिक्षा में बहुत ही उपयोगी है। राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुंडरी के गणित प्राध्यापक सुशील कुमार द्वारा इस क्षेत्र में अहम भूमिका निभाई गई। इसके के लिए उन्हें कई बार पुरस्कृत भी किया गया। 24 मार्च 2025 को सुशील कुमार को एससीईआरटी द्वारा ई- कंटेंट स्टार टीचर के अवार्ड से सम्मानित किया गया जो कैथल जिले के लिए गौरव की बात है।

बच्चों के सर्वांगीण विकास में खेलकूद का विशेष योगदान

- जूनियर रेड क्रॉस ग्रुप के 20 छात्रों ने खेलों में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

खेलकूद का हर व्यक्ति के जीवन में महत्वपूर्ण योगदान है वहीं बच्चों का सर्वांगीण विकास खेलकूद पर ही निर्भर करता है। ये विचार सरकारी स्कूल हरिगढ़ किंगन में सोमवीर डीपीई ने विद्यार्थियों को खेलों का महत्व बताते कहे। सोमवीर डीपीई ने कहा कि खेलकूद जीवन के लिए बहुत जरूरी हैं, क्योंकि यह शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाकर तनाव को कम करता है। बताया कि अनुशासन में रहकर सीखना विद्यार्थी जीवन का मूल मंत्र है। राजा सिंह झींजर ने कहा कि खेलों से टीम भावना पैदा होती है जो समय के सदुपयोग, हार-जीत को स्वीकार करने की योग्यता का विकास करती है।

कैथल। राजीव आर्य मोहन को जिला महामंत्री नियुक्त करते।

मोहन गोयत को जिला महामंत्री की जिम्मेरी सौंपी

कैथल। भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन की कैथल जिला की मीटिंग गांव ढुनधरेडी मे संपन्न हुई। इसमें संगठन का विस्तार किया गया। प्रदेश प्रभारी राजीव आर्य ढांड व गुरमीत पंवार ने शिरकत की और ग्रामीणों ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। इस कार्यक्रम में मोहन गोयत को जिला महामंत्री नियुक्त किया व अन्य किसान साथियों को संगठन का सदस्य बनाया गया ओर विभिन्न किसानी मुद्दों को लेकर चर्चा की गई। राजीव आर्य ने कहा कि सरकार किसानों को कमजोर समझने की भूल न करे। वे हमेशा से किसानों के हकों की लड़ाई लड़ते आ रहे हैं। सरकार को चाहिए कि वह तुरंत प्रभाव से सभी अनाज मंडियों में गेहूं खरीद हेतु बारदाना मुहैया करवाए ताकि किसान आसानी से अपनी गेहूं की फसल बेच सकें।

अनुभवी चिकित्सक से स्वास्थ्य की जांच करवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल। प्रबन्ध निदेशक कृष्ण कुमार स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ करते।

सहकारी चीनी मिल के प्रबन्ध निदेशक कृष्ण कुमार ने सभी कर्मचारियों व अधिकारियों का आह्वान किया है कि वे एक नियमित अन्तराल के पश्चात अपने स्वास्थ्य की जांच अवश्य करवाएं ताकि किसी भी बीमारी का प्रारंभ में पता चलने पर उसका उपचार हो सके।प्रबन्ध निदेशक कृष्ण कुमार बुधवार को चीनी मिल परिसर में हरियाणा सरकार के पैनल में शामिल सिग्नस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, कैथल के सौजन्य से आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ करने के पश्चात अपना संदेश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि आज हम अपनी दिनचर्या में इतने व्यस्त हो रहे हैं कि हम अपने स्वास्थ्य की और विशेष ध्यान नहीं देते और छोटी-मोटी बीमारी को नजर अंदाज कर देते हैं। यदि हम समय-समय पर अनुभवी चिकित्सकों से अपने स्वास्थ्य की जांच करवाते रहें।

होनहार छात्रों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

कैथल। होनहार बच्चों को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि एसके

डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी और डीएवी कॉलेज पूंडरी के संयुक्त तत्वावधान में डीएवी कॉलेज के प्रांगण में डीएवी प्रबंधक समिति दिल्ली के प्रधान डॉ. पुनम सूरी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में स्कूल के होनहार छात्र-छात्राओं को मुख्यातिथि आर्य प्रतिनिधि सभा के महामंत्री एसके चक्रवर्ती, डीएवी प्रबंधक समिति के सचिव जयेश लोहानी द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्राचार्या साधना बख्शी ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। इसके पश्चात हवन-यज्ञ में मुख्य अतिथियों सहित छात्रों और शिक्षकों ने आहुतियाँ अर्पित कीं।

कार्यक्रम तितरम जवाहर नवोदय विद्यालय में भविष्य निर्माण में निर्णय महत्व विषय पर कार्यक्रम

किशोरावस्था के दौरान विकल्पों का चुनाव भविष्य के जीवन की नींव : अनिल मलिक

- दूरगामी परिणाम सोचकर ही जीवन के महत्वपूर्ण निर्णय लें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल। मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी रोहतक अनिल मलिक जेएनवी में जागरूकता शिविर में भाग लेते। *फोटो :हरिभूमि*

मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी रोहतक एवं राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक ने कहा कि हम आज जो निर्णय लेते हैं, उससे घटनाओं की एक श्रृंखला शुरू होती है, जो भविष्य जीवन की दिशा तय करती है। इसलिए किशोरावस्था के दौरान विकल्पों का चुनाव भविष्य जीवन की नींव की तरह होता है । किशोरावस्था शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक परिवर्तन की उम्र होती है, इसलिए कोई भी निर्णय लेने से पहले हर पक्ष पर पूरी ईमानदारी से खुद से सवाल करके निष्पक्षतापूर्ण निर्णय लेकर ही आगे बढ़े। राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक बुधवार को तितरम गांव स्थित पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाल सलाह, परामर्श व कल्याण केन्द्र के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए कहा कि भावनाओं में बहकर कभी भी कोई निर्णय न करें, बदलाव या परिवर्तन से कभी ना डरें, दूरगामी परिणाम सोचकर ही जीवन के महत्वपूर्ण निर्णय लें, लक्ष्य स्पष्ट रखें। उन्होंने कहा कि खुद का भरोसा कभी न डगमगाने दें, आपकी वास्तविकता आपसे अधिक किसी को मालूम नहीं है, ना-उम्मीदी से बुरा कुछ भी नहीं है इसलिए उम्मीद का दामन हमेशा थामे रखें।

जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार रहें तथा कहें कि हां मैं हर वक्त हर जगह मौजूद हूं, मुझे बताओ कि मुझे करना क्या है, बढ़ियां जीवन के रास्ते तय करने के लिए जरूरी है सकारात्मक सोच व अच्छी भावनाएं। परामर्शदाता नीरज कुमार ने कहा कि मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य के साथ-साथ करियर चुनाव के लिए अपनी समझ, रुचि, ज्ञान व क्षमता का सही से अवलोकन करके ही निर्णय लें । कार्यक्रम की संयुक्त अध्यक्षता करते हुए जिला बाल कल्याण अधिकारी बलबीर चौहान व प्रिंसिपल सुचिता गुप्ता ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य की बेहतरी हेतु मनोवैज्ञानिक प्रेरणादायी सेमिनार अति सराहनीय कदम है ।

ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में विशेष उपस्थिति यातायात पुलिस उपाधीक्षक सुशील प्रकाश, उप-प्राचार्य डालचंद गुप्ता, आजीवन सदस्य एवं परामर्शदाता ज्ञानचंद भल्ला व नीरज कुमार के साथ लाजपतराय सिंगला, मनीष आदि मौजूद रहे।

भ्रूण लिंग जांच मामले में मकान मालिक गिरफ्तार

कैथल । मानस गांव में एक घर के कमरे में अल्ट्रासाउंड मशीन लगाकर भ्रूण लिंग जांच करने के मामले की आगामी जांच थाना सदर प्रभारी एसआई मुकेश कुमार की अगुवाई में एएसआई जयपाल सिंह की टीम द्वारा करते हुए मकान मालिक आरोपी गांव मानस के चंद्र राज को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कैथल और कुरुक्षेत्र के स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने 22 मार्च को मानस गांव से अवैध रूप से भ्रूण जांच करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया गया था। इस मामले में आरोपी ऋषिपाल निवासी गांव कैलरम को अल्ट्रासाउंड मशीन और 30 हजार रुपये नकदी के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने योजना बनाकर एक गर्भवती महिला को नकली ग्राहक बनाकर भेजा, जिसके बाद आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया। पुलिस को काफी समय से सूचना मिल रही थी।

न्यायालय तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार जीन्द

कुलदीप सिहं पुत्र श्री जयदेव सकना राजेन्द्र नगर जीन्द तह. व जिला जीन्द ।
बनाम
जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि स्व. श्री जयदेव मलिक पुत्र श्री पोंकर राम निवासी राजेन्द्र नगर जीन्द तह. व जिला जीन्द का देहान्त दिनांक 13-08-2017 को हो चुका है और मेरी माता जी श्रीमति सावित्री देवी पत्नी श्री जयदेव मलिक निवासी राजेन्द्र नगर जीन्द तह. व जिला जीन्द का देहान्त दिनांक 25-09-2017 को हो चुका है। और उनकी मृत्यु के बाद जो कि अब उनके निम्न कानूनी वारसान हैं

1. कुलदीप सिहं पुत्र आ. नं. 353545225307

उपरोक्त के अलावा स्व. श्री जयदेव मलिक व श्रीमति सावित्री देवी के अन्य कोई वारसान नहीं है। जिसके संबंध में प्रार्थी ने अपना शपथ पत्र भी प्रस्तुत कर दिया है। इसलिए हर आम व खास को इस नोटिस/इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताए गए कानूनी वारसान/उत्तराधिकारी के बावत कोई शक या एतराज हो तो यह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय के कार्य दिवस पर अपना एतराज प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर पंजीकरण कर दिया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, जींद

खबर संक्षेप

गुरप्रीत का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन

राजौंद। गुरप्रीत का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन होने पर स्कूल में खुशी जाहिर की गई। सत्य भारती स्कूल रसीना के मुख्य शिक्षक राजेंद्र कुमार ने बताया कि छात्र गुरप्रीत गोरा का जवाहर नवोदय विद्यालय सगा करनाल में चयन हुआ है। गुरप्रीत की इस सफलता पर सत्य भारती स्कूल रसीना व गांव में खुशी का माहौल है। गुरप्रीत के माता-पिता ने बताया कि गुरप्रीत शुरू से ही बहुत मेहनती और होनहार लड़का है जो जिंदगी में कुछ न कुछ बड़ा करना चाहता है।

नशा मुक्ति बारे ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाएं

कैथल। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी कंवर दमन ने बताया कि ग्राम पंचायत मालखेड़ी, देवीगढ़, काकौत, कठवाड़, दयौरा, उझाना, फ्रांसवाला, तितरम, चंदाना, छौत, संगतपुरा, गढ़ी पाड़ला, सिसमौर आदि 27 ग्राम पंचायतों में नशा मुक्ति बारे ग्राम सभाएं आयोजित करवाई गई। इन सभी ग्राम सभाओं में ग्रामीणों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

रात्रि ठहराव की तैयारियां का लिया जायजा

कलायत। कलायत के गांव ढूंढवा में 26 मार्च की रात्रि को प्रशासन द्वारा आयोजित किए जाने वाले रात्रि ठहराव कार्यक्रम को लेकर एसडीएम अजय हुड्डा दिन भर व्यवस्था बनाने में लगे रहे। इस कार्यक्रम के माध्यम से डीसी और एसपी द्वारा जिला प्रशासन की मौजूदगी में जन समस्याएं सुनते हुए निवारण किया जाएगा। कलायत में पहली बार ढूंढवा में रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है।

नरवाना अनाज मंडी एसो के अध्यक्ष चुने गए ईश्वर

नरवाना। नरवाना अनाज मंडी एसोसिएशन के पूर्व प्रधान राजेश शर्मा एडवोकेट की अध्यक्षता ईश्वर गोयल धमतान को प्रधान चुना गया।चुनाव को लेकर बुधवार को नामांकन वापस लेने का अन्तिम दिन थाए पूर्व प्रधान राजेश शर्मा एडवोकेट ने बताया कि बुधवार को जोगेंद्र सिंह ने नाम वापस ले लिया इस लिए ईश्वर गोयल पूर्व मंडल अध्यक्ष बीजेपी को सर्वसम्मति से नया प्रधान घोषित कर दिया। पूर्व प्रधान राजेश शर्मा एडवोकेटए जिया लाल गोयल आदि मौजूद रहे।

अभी तक इस योजना के तहत लगभग 31.5 हजार शिक्षार्थी पंजीकृत हुए

शिक्षा विभाग 15 से 80 वर्ष के निरक्षर शिक्षार्थी को जोड़ने के लिए सर्वे करवा रहा

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को ध्यान में रखते हुए चलाया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

शिक्षा विभाग द्वारा 15 से 80 वर्ष के निरक्षर शिक्षार्थी को जोडऩे के लिए सर्वे किया जा रहा है। अभी तक इस योजना के तहत लगभग साढ़े 31 हजार शिक्षार्थी पंजीकृत हो चुके हैं। विभाग ने 44 हजार 800 शिक्षार्थी जोडऩे का लक्ष्य रखा है। वहीं 30 मार्च को उल्लास योजना के तहत द्वितीय चरण की परीक्षा जिले के 317 परीक्षा केंद्रों पर करवाई जाएगी। परीक्षा केंद्र के लिए जिले से एक राजकीय स्कूल का चयन किया गया है। परीक्षा का समय सुबह दस बजे से लेकर शाम पांच बजे तक का रहेगा। जिले के लगभग दस हजार 15 साल से अधिक उम्र के व्यवस्क परीक्षा में भाग लेंगे। इसके साथ ही विभाग की ओर से राजकीय स्कूलों में शिक्षार्थी को पढ़ाने के लिए बनाए गए सामाजिक चेतना केंद्र का भी विभाग अधिकारी निरीक्षण करेंगे। दरअसल उल्लास कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत सभी के लिए शिक्षा लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए चलाया जा रहा है। योजना के तहत वालंटियर शिक्षक सर्वे कर रहे हैं और घरों में ही शिक्षार्थी को पढ़ा रहे हैं। विभाग की ओर से पिछले साल सितंबर माह में पहले चरण की परीक्षा जिले के सभी 724 राजकीय स्कूलों में करवाई गई थी। इस परीक्षा में 15 से 80 वर्ष आयु तक के शिक्षार्थियों के लिए परीक्षा आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में 18 हजार 295 शिक्षार्थी उत्तीर्ण हुए थे। अब दूसरे चरण की परीक्षा 30 मार्च को करवाई जाएगी।

विभाग ने 44 हजार 800 शिक्षार्थी जोड़ने का लक्ष्य रखा

न्यू इंडिया लिटरेसी प्रोग्राम नामक योजना शुरू की

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिशों के अनुसार भारत सरकार ने 2022 से पांच साल की अवधि के लिए न्यू इंडिया लिटरेसी प्रोग्राम नामक उल्लास नामक केंद्र प्रायोजित योजना शुरू की। योजना का प्राथमिक उद्देश्य 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी लोगों को सशक्त बनाना है, जिन्हें खुद को शिक्षित करने का अवसर नहीं मिला है। यह न केवल शिक्षार्थियों को पढवे, लिखने और संख्यात्मक कौशल प्राप्त करने की अनुमति देता है बल्कि आजीवन सीखने को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें महत्वपूर्ण जीवन कौशल की समझ के साथ समृद्ध भी करता है। यह योजना स्वयंसेवा, सामाजिक जिम्मेदारी और कर्तव्य की भावना या कर्तव्यबोध को बढ़ावा देने के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही है। इसके अलावा व्यवस्कों को दीक्षा पोर्टल के साथ-साथ उल्लस मोबाइल एप के माध्यम से एजुकेशन फॉर ऑल वर्टिकल पर क्षेत्रीय भाषाओं में सामग्री तक पहुंचने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

30 मार्च को होगी दूसरे चरण की परीक्षा : विक्रम भारद्वाज



विक्रम भारद्वाज।

उल्लास नवभारत साक्षरता मिशन जिला समन्वयक विक्रम भारद्वाज ने बताया कि उल्लास योजना के तहत विभाग की ओर से 44,800 से अधिक व्यस्कों को जोडऩे का लक्ष्य रखा गया है। 30 मार्च को दूसरे चरण की परीक्षा करवाई जाएगी। इसके लिए जिले में 317 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा में 15 साल से ज्यादा उम्र के लगभग दस हजार व्यस्क भाग लेंगे।

साल की पहली शनिश्चरी अमावस्या का विशेष संयोग

विधि विधान से पूजा व पितृ तर्पण करने से मिलेगी पितृ दोष से मुक्ति

चैत्र माह की अमावस्या 29 को पिंडदान का विशेष महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

इस बार चैत्र माह की अमावस्या 29 मार्च को पड़ रही है। जो बेहद शुभ है। यह अमावस्या साल की पहल शनिश्चरी अमावस्या का विशेष संयोग लेकर आई है। जिसमें सूर्य ग्रहण और शनि गोचर भी शामिल हैं। इस दिन विधिपूर्वक पूजा पाठ और दान करने से जीवन में आने वाले संकट तो दूर होंगे साथ ही पितरों की कृपा के साथ शनि देव की कृपा प्राप्त भी प्राप्त होगी। अमावस्या का लाभ उठाने के लिए श्रद्धालुओं को विधि विधान से पितृ तृपण व पूजा पाठ करना होगा। ज्योतिष गणना के अनुसार चैत्र अमावस्या तिथि 28 मार्च को रात 07:55 बजे प्रारंभ होगी और 29 मार्च को शाम 04:27 बजे समाप्त होगी। ऐसे में व्रत और पूजा 29 मार्च शनिवार के दिन ही की जाएगी।

पितृ तर्पण के लिए फलदायी

चैत्र अमावस्या की तिथि बेहद ही विशेष मानी जाती है। यह दिन पितरों का पिंडदान और उनकी उपासना के लिए विशेष लाभदायी होता है। ऐसा माना जाता है कि जिन लोगों को अपने पितरों की मृत्यु की तिथि नही पता है, उन्हें इस दिन तर्पण या पिंडदान करना चाहिए। इससे पितरों की आत्मा को शांति मिलती है। साथ ही सभी पापों से छुटकारा मिलता है। इस दिन लोग विभिन्न तरह के पूजा अनुष्ठान करते हैं। वहीं इस दिन किसी भी तरह के शुभ काम नहीं करने चाहिए। क्योंकि विघ्नों का सामना करना पड़ता है। अमावस्या के दिन पितृ धरती लोक पर आते हैं।

पितृ दोष की मुक्ति के लिए चैत्र अमावस्या विशेष : नवीन शास्त्री

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री।

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि जो लोग पितृ दोष से मुक्ति की कामना करते हैं, उन्हें इस दिन सुबह उठ कर सूर्य देव को अघ्य देना चाहिए। फिर अपने पितरों का तर्पण या पिंडदान करवाना है। इसके बाद पितृ चालीसा का पाठ और वैदिक मंत्रों का जाप करना है। ऐसा करने से पितृ दोष का प्रभाव कम होगा। इसके साथ ही उन्हें मोक्ष मिलेगा। 29 मार्च को चैत्र माह की अमावस्या पितरों को समर्पित है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यदि किसी जातक की कुंडली में पितृ दोष है, तो चैत्र अमावस्या पर विशेष पूजा और तर्पण करना अत्यंत लाभकारी होता है।

श्रद्धालु अमावस्या के दिन पितृ प्रसन्नता के लिए करें यह काम

अमावस्या के दिन पितरों का तर्पण, पिंडदान और श्राद्ध भी किया जाता है। ऐसा करने से पूर्वजों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तो अगर आपकी कुंडली में पितृ दोष है तो चैत्र अमावस्या के दिन पितरों का तर्पण जरूर करें। इस उपाय को करने से आपको पितृ दोष से मुक्ति मिलेगी। वहीं पितरों का पिंडदान और श्राद्ध करने से पूर्वजों की अपार कृपा प्राप्त होती है। साथ ही पितृ दोष का प्रभाव भी कम होता है। चैत्र अमावस्या के दिन स्नान आदि के बाद पितरों के नाम का गरीबों और जरूरतमंद लोगों को अन्न, वस्त्र, धन और भोजन का दान भी अवश्य करें। अमावस्या के दिन ब्राह्मणों को भोजन कराएं और उन्हें अपनी क्षमतानुसार दान व दक्षिणा भी दें। चैत्र अमावस्या के दिन पीपल पेड़ पर जल और दूध अर्पित करें। अमावस्या के दिन गाय, कौआ, कुत्ता को भोजन कराएं।

जींद। जयंती देवी मंदिर जहां नवरात्रों के दिनों में भक्ति रस की धारा बहेगी।

नवरात्रों में जयंती मंदिर में बहेगी भक्ति रस की धारा, रोज भजन संध्या

जींद। महाभारत कालीन जयंती देवी मंदिर में चैत्र नवरात्रों में प्रतिदिन हवन भजन संध्या भव्य आरती और भंडारे चलेंगे। मंदिर पुजारी नवीन कुमार शास्त्री ने बताया कि 30 मार्च से छह अप्रैल के दौरान मंदिर की छटा निराली होगी। 30 मार्च को सुबह आठ बजे हवन यज्ञ और 9 बजे कन्या पूजन होगा। नवरात्रों में प्रतिदिन शाम को मां जयन्ती हवन यज्ञ होगा। 3 अप्रैल को छठ पर मां जयंती का भव्य जागरण होगा और चार अप्रैल को सप्तमी पर मेला लगेगा। भजन सध्यां और जागरण में मां की भेंट गाने के लिए देश व प्रदेश से कलाकार पहुंचेगें। मेले में उमडऩे वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए व्यवस्था की पूरी तैयारी कर ली गई है। मेले के दौर महा आरती होगी और प्रसाद का वितरण चलता रहेगा। श्रद्धालु स्वयं व्यवस्था को संभालने का काम करेगें। इसके साथ.साथ पुलिस का भी सहयोग लिया जाएगाए ताकि कोई धर्म के रंग में भंग ना डाल दे। पुजारी नवीन शास्त्री ने कहा कि जयंती देवी जींद शहर की इष्ट देवी है। इसलिए मां की कृपया पाने के लिए पूरा शहर पूजा अर्चना करने के लिए मंदिर आता है। जींद शहर के लोग जो देश-विदेशो में अलग-अलग स्थानों पर रहते है वे भी मां जयंती की मेहर पाने के लिए सप्तमी मेले में आते है। रामनवमी पर कन्या पूजन एवं भंडारे का आयोजन होगा।

■ तीन को जागरण तो चार को लगेगा सप्तमी का मेला

कैथल। डीसी प्रीति अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

एक भी बच्चा ड्रॉप आउट व स्कूल आउट न रहेः डीसी

■ डीसी प्रीति ने ली प्रवेश उत्सव अभियान के तहत शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

डीसी प्रीति ने कहा कि शिक्षा विभाग के अधिकारी व सभी शिक्षक यह सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा जिले में स्कूल में दाखिला छोड़कर ड्रॉप आउट न हो और कोई भी बच्चा स्कूलों में दाखिला न लेकर स्कूल आउट न रहे। डीसी प्रीति प्रवेश उत्सव के तहत डीसी कार्यालय में शिक्षा विभाग के अधिकारियों को संबोधित कर रहीं थीं। सरकारी स्कूलों में सरकार द्वारा बच्चों को कई तरह की सुविधाएं दी जाती हैं। स्कूल प्रबंधन समितियों के साथ मिलकर शिक्षक इन सभी सुविधाओं की जानकारी अभिभावकों को दें। साथ ही ग्राम पंचायतों में सरपंचों व पंचों का सहयोग लेकर लोगों को सरकारी स्कूलों में अपने बच्चों का दाखिला दिलवाने के लिए प्रेरित करें। वहीं शहरी इलाके में पार्षदों का सहयोग लें। सभी सरपंच व पार्षद भी इस बात के लिए जिम्मेवार होंगे कि उनके क्षेत्र में कोई भी बच्चा ड्रॉप आऊट या स्कूल आऊट न हो। सभी जनप्रतिनिधि भी इसमें सहयोग करेंगे। इसके लिए उन्हें अलग से निर्देशित भी किया जाएगा। डीसी ने कहा कि स्कूल मुखिया यह सुनिश्चित करें कि पीटीएम में सभी अभिभावक पहुंचें। इसके साथ-साथ अपने क्षेत्र की आंगनबाड़ी में संपर्क करें, जहां से पांच साल से अधिक आयु के बच्चों का दाखिला सरकारी स्कूलों में करवाए।

मापदंड को पूरा करें

डीसी प्रीति ने कहा कि जिले में जितने भी पीएम श्री स्कूल हैं, उनमें हर तरह की सुविधा उपलब्ध हो, शिक्षा विभाग के अधिकारी यह सुनिश्चित करें। सरकार द्वारा इन स्कूलों के लिए जो भी मापदंड तय किए हैं, ये स्कूल उन मापदंडों को पूरा करें। ताकि लोग अपने बच्चों के इन स्कूलों में दाखिला करवा सकें। जिले में उन स्कूलों को रोल मॉडल बनाया जाए, जिन सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ रही है। डीसी ने कहा कि प्रवेश उत्सव में सभी अध्यापक पूरी लगन से काम कर हर अभिभावक तक पहुंचे और उन्हें अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में दाखिल करवाने के लिए प्रेरित करें। डीसी ने जिले में 20 से कम छात्र संख्या वाले स्कूलों की भी जानकारी ली।

सुरेश मित्तल को किया सम्मानित

■ भारत विकास परिषद हरियाणा मध्य प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष चुने जाने पर सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

भारत विकास परिषद नरवाना शाखा के वरिष्ठ सदस्य और प्रांतीय संगठन सचिव सुरेश मित्तल चुने गए हरियाणा मध्य प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष। नरवाना शाखा सचिव राजेश टांक ने बताया कि भारत विकास परिषद नरवाना शाखा और पूरे जिला जींद के लिए गौरव और गौरव का विषय है कि नरवाना उपमंडल से भारत विकास परिषद के वरिष्ठ सदस्य को हरियाणा की बागडोर दी गई है। इससे पहले सुरेश मित्तल प्रांतीय संगठन सचिवए प्रांतीय कोषाध्यक्ष जिला के दायित्व और शाखा अध्यक्ष के दायित्व बखूबी निभा चुके हैं। संगठन के बारे में विशेष समझ रखने और सब कुछ साथ लेकर चलने की इनकी इस कला के कारण पूरे हरियाणा मध्य प्रांत की बागडोर उनके हाथों सौंपी गई है। जैसे ही नरवाना के अंदर यह खबर पहुंची नरवाना शाखा के अध्यक्ष संजय सिंगला शाखा सचिव राजेश टांक कोषाध्यक्ष जयपाल बंसल उपाध्यक्ष विकास मित्तलए प्रकल्प प्रमुख विशाल मित्रा प्रान्तीय टीम के सदस्य सजय चौधरी ने उनके आवास पर पहुंचकर अंग वस्त्र फूल मालाओं और पुष्प कुछ देकर सम्मानित किया गया।

नरवाना। सुरेश मित्तल को बुके भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

बालू व पट्टी कायस्थ सेठ में की फसल गिरदावरी की जांच पड़ताल

कैथल। एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने बुधवार को बालू व पट्टी कायस्थ सेठ गांव का दौरा किया और गिरदावरी की मौके पर जाकर जांच पड़ताल की। राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ मौके पर मुआयना करते हुए एडीसी ने सजरा व टैब में दर्ज जानकारियों का मिलान किया। इस दौरान कुछ एकड़ में फसल का मिलान सही नहीं पाया गया। जिस पर एडीसी ने संबंधित पटवारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि उसी फसल का इंद्राज होना चाहिए, जो मौके पर लगाई गई है। घर बैठ कर नहीं बल्कि खेत में जाकर गिरदावरी करें। उन्होंने कहा कि फसलों की गिरदावरी एक महत्वपूर्ण कार्य है।

आंगनबाड़ी वर्कर हेल्पर यूनियन का मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

लघु सचिवालय में आंगनबाड़ी वर्कर हेल्पर यूनियन की मांगों को लेकर बुधवार को प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में जिला सचिव शकुंतला ने बताया कि 11 मार्च को सैंकड़ों की संख्या में वर्कर्स व हेल्पर्स ने अपना प्रदर्शन करते हुए 16 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सीटीएम के माध्यम से निदेशक को भेजा गया था। आंगनबाड़ी वर्कर्स हेल्पर्स की मांगों की अनदेखी करने के कारण आंगनवाड़ी वर्कर्स हेल्पर यूनियन संबंधित सीटू एवं सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने 26 से 28 मार्च का विरोध प्रदर्शन डीसी कार्यालय पर करने का आह्वान किया है। रोष प्रदर्शन के सभी आंगनबाडी वर्करों ने कहा की अगर सरकार हमें पक्का नहीं करती है तो यह प्रदर्शन अनिश्चितकालीन आगे भी जारी रह सकता। गुजरात हाई कोर्ट के आदेश अनुसार हमें ग्रेजुएटी और पक्के कर्मचारी का दर्जा दिया जाना चाहिए।

घटिया क्वालिटी के फोन दिए गए

विभाग की ओर से आंगनबाड़ी वर्करों को घटिया क्वालिटी के 2जी और 3जी रैम के फोन दिए गए हैं और वर्कर से काम 5जी वाला लिया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंजीत कौर हाबड़ी जिला प्रधान ने की रही मंच का संचालन जिला सचिव शकुंतला ने किया वर्कर हेल्पर को राज्य कैशियर जयप्रकाश ने भी संबोधित किया। शकुंतला ने कहा कि पिछले आंदोलन के दौरान बर्खास्त आंगनबाड़ी वर्करों को पिछला काम करने की शर्त पर मानदेय देने की बात हुई थी पिछला सारा काम कर दिया गया है। यमुनानगर,करनाल और सिरसा में मानदेय दिया गया है। कैथल में हटाई की गई हेल्परों व वर्करों का मानदेय अभी तक नहीं दिया । हमारी मांग है कि रुका हुआ सारा मानदेय दिया जाए।

विश्व रंगमंच पर विशेष | भारतीय रंगमंच ने समय के साथ-साथ विषय वस्तु में बदलाव भी किया

जींद में भी एक ऑडिटोरियम हो जिसमें कलाकार नाट्य प्रस्तुतियां दे सकें

रंगमंच मनोरंजन का साधन मात्र नहीं, बल्कि लोगों तक अपनी बात पहुंचाने का जरियाः भनवाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

विश्व रंगमंच दिवस के मौके पर रंगकर्मी रमेश भनवाला ने कहा कि दुनियाभर के रंगमंच के महत्व को लोगों तक पहुंचाने और इसके प्रति लोगो में रूचि पैदा करने के मकसद से हर वर्ष विष्व रंगमंच दिवस कलाकारों द्वारा धूमधाम से मनाया जाता है। रंगमंच मनोरंजन का साधन मात्र नहीं बल्कि लोगों तक अपनी बात पहुंचाने का बेहतरीन जरिया है। भारत में रंगमंच की परम्परा आदिकाल से चलती आ रही है। भारतीय रंगमंच ने समय के साथ-साथ विषय वस्तु में बदलाव भी किया है। यह बदलाव हमें स्वाधीनता संग्राम मे भी देखने को मिला। इससे प्रेरित होकर भारतेंदु हरिषचंद्र और उनके समकालीन लेखको ने भरपूर मात्रा में नाट्य रचना की। भारतीय रंगमंच, जिसका इतिहास पांच हजार साल से भी अधिक पुराना है, मानव इतिहास में सबसे पुराने कला रूपों में से एक, नाटक के महत्व को रेखांकित करने और लोकप्रिय बनाने के लिए 27 मार्च को विश्व रंगमंच दिवस मनाया जाता है। इस दिन की शुरुआत अंतरराष्ट्रीय रंगमंच संस्थान ने मूल रूप से नाटक और ललित कलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए वर्ष 1961 में की गई थी। मानवीय भावनाओं के करीब होने के कारण, रंगमंच में विचारों को प्रभावित करने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की क्षमता है। यह दिन हमें मानव जीवन में रंगमंच के महत्व को भी रेखांकित करता है। क्योंकि यह न केवल दर्शकों का मनोरंजन करता है बल्कि दुनियाभर में मौजूद संस्कृति और परंपरा को भी दर्शाता है। नाटक अपने आप में कला का एक संपूर्ण रूप है। इसकी रूपरेखा में अभिनय, संवाद, कविता, संगीत आदि शामिल हैं। रंगमंच युगों से, समाज के आदर्शों, मानव अस्तित्व, लोकाचार, भावनाओं, मानवीय संवेदनाओं आदि के प्रति दृढ़ संकल्प को प्रतिबिंबित करता आया है।

रंगकर्मी रमेश भनवाला।

25 वर्षों से रंगमंच करते आ रहे रमेश

रंगकर्मी रमेश भनवाला पिछले 25 वर्षों से रंगमंच करते आ रहे है। इसमे इन्होनें 26 नाटकों का निर्देशन 19 नाटकों में अभिनय, किया है। पिछले नौ वर्षों से राष्ट्रीय नाट्य उत्सव व रंगमंच पर सेमिनार करते आ रहे है। चिल्ड्रन थियेटर वर्कशॉप, विभिन्न स्कुलों व संस्थाओं के साथ करते आ रहे है। रंगकर्मी रमेश भनवाला का मानना है कि रंगमंच सभी को एक बार जरूर करना चाहिए। क्योंकि इससे हमारे अन्दर आत्मविश्वास का संचार व प्रवाह होता है। जिससे हम मुश्किल से मुश्किल कार्य आसानी से कर देते है। जींद में भी एक ऑडिटोरियम होना चाहिए, जिसमें कलाकार अपनी नाट्य प्रस्तुतियां दे सकें।

विधायक आदित्य सुरजेवाला ने गंगवा को सौंपा विकास कार्यों का मांग-पत्र

■ विधायक को क्षेत्र में विकास कार्यों की जल्द पूर्ति का मिला आश्वासन

कैथल। कैथल से कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला ने लोक निर्माण विभाग रणबीर गंगवा से मुलाकात की।आदित्य ने कैथल हल्के में विकास कार्य करवाने के लिए हरियाणा के कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा को मांग पत्र सौंपा। आदित्य सुरजेवाला ने कहा कि मेरी कर्मभूमि कैथल की प्रगति व उन्नति के लिए मेरी तरफ से हर सम्भव प्रयास जारी रहेंगे। इसी क्रम में आज हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा से मुलाकात कर कैथल क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए मांग पत्र सौंपा। आदित्य सुरजेवाला ने सौंपे गए मांग पत्र में दिए गए कैथल के विकास कार्यों की सूची का जिक्र करते हुए बताया कि अम्बाला रोड से लेकर तीतरम मोड़ तक फोरलेन सड़क शक्तिनगर पंचायत व वार्ड 20 में नए बोरवेल लगाने हेतु, खनौरी बाईपास रोड़ चौंक से शाह सतनाम चौंक(जींद रोड़ पुलिस नाका) लगभग 4.65 किमी तक जर्जर हुई सड़क का पुनर्निर्माण की मांग रखी है।

कैथल। रणबीर सिंह गंगवा को मांग पत्र सौंपते विधायक आदित्य सुरजेवाला।